卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राज्जलिराज्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण


♦वर्ष 26 ♦अंक 90 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦5 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पार्षद ने युवक को गोली से उड़ाया

### जज फार्म में क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर सनसनीखेज वारदात, आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी। शहर के जज फार्म क्षेत्र में रविवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते भाजपा समर्थित पार्षद ने युवक पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया है और आरोपी पार्षद को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रामपुर रोड स्थित जज फार्म इलाके में देर रात गोली चलने की सूचना के बाद क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना स्थल पर अचानक गोली की आवाज सुनाई दी और मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल युवक जज फार्म निवासी नितिन लोहनी को तत्काल अस्पताल पहुँचाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू और नितिन लोहनी के बीच कुछ दिनों पहले भी विवाद हुआ था, जो अब खूनी संघर्ष में बदल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया और आरोपी पार्षद



अमित बिष्ट को हिरासत में ले लिया। आरोपित पार्षद की लाइसेंसी रिवॉल्वर भी मौके पर बरामद की गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी। एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कत्याल ने बताया कि घटना के कारणों की पूरी तरह से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा मृतक की गोली लगने से मृत्यु हुई है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और घटना के सभी पहलुओं का परीक्षण किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोग बताते हैं कि आरोपी पार्षद का नाम पहले भी कई विवादों में सामने आया है, लेकिन पुलिस ने स्पष्ट किया कि जांच निष्पक्ष तरीके से सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल देखा गया, और पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि घटना की गहन जांच के बाद ही स्पष्ट होगा (शेष पृष्ठ सात पर)

## अग्निकाण्ड में सात दुकानें जलकर खाक

हरिद्वार। ललतारा पुल के पास देर रात अचानक लगी आग ने अफरा–तफरी मचा दी। आग की चपेट में आने से सात दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं और लाखों रुपये का सामान राख हो गया। इससे दुकानदारों के सामने रोजी–रोटी का गंभीर



संकट उत्पन्न हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात अचानक एक दुकान से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पास की अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की (शेष पृष्ठ सात पर)

## दहशत का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में कैद

अल्मोड़ा। जनपद के विकासखंड चौखुटिया अंतर्गत सिमलखेत ग्राम सभा के तोक पुराना लोहबा में लंबे समय से दहशत का कारण बन रहे तेंदुए को वन विभाग ने सुरक्षित पिंजरे में पकड़ने में सफलता हासिल की है। सोमवार तड़के तेंदुए के पिंजरे में फंसते ही क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार यह तेंदुआ पिछले कई महीनों से इलाके में सक्रिय था और कई बार गौशालाओं पर हमला कर गौवंश समेत अन्य पालतू जानवरों को अपना शिकार बना चुका था। सिमलखेत और आस पास के गांवों में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों के कारण ग्रामीण रात के समय घरों से बाहर निकलने में भी डर रहे थे। ग्रामीणों



की लगातार शिकायत और इलाके में बढ़ती घटनाओं को देखते हुए वन विभाग ने पुराना लोहबा तोक में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, जो सोमवार सुबह तड़के सफल रहा। तेंदुए की दहाड़ सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। वन क्षेत्र अधिकारी गोपाल दत्त जोशी ने बताया कि तेंदुआ लंबे समय से सक्रिय था और कई बार गौशालाओं को नुकसान पहुंचा चुका था। उन्होंने कहा कि पिंजरे के माध्यम से तेंदुए को सुरक्षित रूप (शेष पृष्ठ सात पर)

## श्रमिक पर हमला करने वाले बाघ को किया ट्रेंकुलाइज

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर वन प्रभाग में रविवार देर शाम एक बार फिर बाघ के हमले ने इलाके में सनसनी फैला दी। कोटा रेंज के भलोन गांव में पाइपलाइन बिछाने के कार्य में लगे एक मजदूर पर बाघ ने हमला कर उसकी जान ले ली। मृतक की पहचान अभिमन्यु कुमार पुत्र भगेलू साह उम्र 30 वर्ष, निवासी जोकटिया, बिहार के रूप में हुई है। वह सिंचाई विभाग की पाइपलाइन बिछाने वाली टीम के साथ रामनगर आया हुआ था। घटना रविवार



शाम लगभग 6:45 बजे हुई। घटना की सूचना मिलते ही रामनगर वन प्रभाग की टीम अलर्ट हो गई। डीएफओ ध्रुव मार्तोलिया ने बताया कि सूचना मिलते ही तीन रेंज की संयुक्त टीम, क्विक रिस्पांस टीम और वेटरनरी डॉक्टर को घटनास्थल पर भेजा गया। टीम शाम 7 बजे मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रात लगभग 11:30 बजे बाघ को सुरक्षित रूप से ट्रेंकुलाइज किया गया। ट्रेंकुलाइजेशन के बाद बाघ को रेस्क्यू वैन में रखा गया और ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने अवैध चरस बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस, चौकी आवास विकास और गश्त पर लगे जवानों द्वारा संयुक्त रूप से की गई। पुलिस के अनुसार, सिडकुल रोड पर फुलशुंगी तिराहे के पास एक युवक हाथ में भूरे रंग का थैला लिए आते हुए देखा गया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक भागने लगा। पुलिस ने तुरंत पीछा किया और करीब 70–80 कदम दूरी पर युवक को घेरकर पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान अनिल कुमार, पुत्र इन्द्र कुमार, निवासी ग्राम नरतोला, थाना मुक्तेश्वर, जिला नैनीताल के रूप में हुई। युवक ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह चरस को बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी में कुल 806 ग्राम चरस बरामद हुई। इसके अलावा युवक के पास से एक मोबाइल फोन, डायरी और क्वालिटी पॉलिसी कार्ड भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को दिया जीने का अधिकार: पासी

### न्याय पंचायत स्तरीय बहुउद्देशीय शिविर आोजित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। जन जन की सरकार जन–जन के द्वारा के तहत न्याय पंचायत स्तरीय बहुउद्देशीय शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान किया गया। इस दौरान आधा दर्जन गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कर उनकी गोद भराई की गई। गुरु नानक इंटर कॉलेज के सभागार में लगे नई पंचायत स्तरीय शिविर में पूर्व सांसद बलराज पासी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को पूरा सम्मान मिला है। केंद्र की सरकार द्वारा महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के साथ ही जो महिलाएं घर से बाहर सोच करने के लिए जाती थी, उनके घर में ही शौचालय बनाए गए। श्री पासी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को घर–घर पहुंचाना है और कैंप के माध्यम से आम जन की समस्याओं को दूर करना है। और विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने कहा कि जिन लोगों की समस्या का समाधान सरकारी दफ्तर में नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)



## ‘अंकिता भंडारी’ मामले में भाजपा का कांग्रेस पर तगड़ा ‘पलटवार’

### उधम सिंह नगर से लेकर चंपावत तक कांग्रेसी प्रोपेगेंडा के विरुद्ध सड़क पर उतरी भाजपा,महिला मोर्चे ने राजनीतिक रोटियां न सेंकेने की दी हिदायत

–अर्श–

देहरादून।अंकिता भंडारी हत्याकांड में तथा कथित वीआईपी को बचाए जाने संबंधी कांग्रेसी प्रोपेगेंडा पर अभी तक चुप रही भाजपा अब कांग्रेस पर हमलावर हो गई है और उसने उधम सिंह नगर से लेकर चंपावत तक कांग्रेस के विरुद्ध सड़क पर उतरते हुए जबरदस्त पटवार किया है। उल्लेखनीय है कि एक अपुष्ट ऑडियो को आधार बनाकर कांग्रेस पार्टी राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तथाकथित वीआईपी को बचाने का आरोप लगाकर





प्रदेशभर में जहां–तहां प्रदर्शन कर रही है तथा कथित वीआईपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सीबीआई जांच की मांग भी कर रही है। दूसरी तरफ भाजपा इस मामले में आरंभ से ही कांग्रेस पर लोगों को गुमराह करने तथा जन भावनाओं को भड़का कर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकेने का आरोप लगाती रही है। लेकिन बीते रविवार को भारतीय जनता पार्टी का सब्र का बांध टूट गया और भाजपा के विभिन्न मोर्चो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कांग्रेस के विरुद्ध सड़क पर उतर आए। इस तरह अंकित भंडारी हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड में अब भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे के सामने खुलकर आ गई हैं। बीते शनिवार को कांग्रेस ने प्रदेश भर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। जबकि रविवार को देहरादून में कांग्रेस समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों और अन्य राजनीतिक (शेष पृष्ठ सात पर)

# 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद का ऐलान

## अंकिता बेटी को न्याय दिलाने के लिए देहरादून में सड़कों पर उतरा जन सैलाब, सरकार के खिलाफ लोंगो में भारी आक्रोश








देहरादून। उत्तराखंड मे बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच और सोशल मीडिया पर नाम सार्वजनिक हुए वीआईपी नेताओं पर कार्रवाई की मांग के लिए रविवार को जनसैलाब दून की सड़कों पर उतर आया। विभिन्न सामाजिक संगठन और विपक्षी राजनीतिक दलों ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया। इस दौरान अंकिता हत्याकांड में कथित वीआईपी की जांच नहीं होने पर लोगों में भारी आक्रोश दिखा। हजारों की किया। इस प्रदर्शन में भारी संख्या में महिलाओं और पुरुषों के साथ युवाओं ने भी भाग लिया। सभी ने एक सुर में अंकिता को न्याय देने की मांग की और सीबीआई जांच नहीं कराए जाने पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान उत्तराखंड मूल निवास भू-कानून संघर्ष समिति के मोहित डिमरी ने एलान करते हुए कहा है कि 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद रहेगा। इसके लिए सभी व्यापार संगठन, सामाजिक संगठनों से वार्ता की जाएगी। वहीं उन्होंने सरकार को राज्य आंदोलनकारी मंच, कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल, सीपीआई, बेरोजगार संघ, उत्तराखंड मूल निवास भू कानून संघर्ष समिति, गढ़वाल सभा महिला मंच और अलग-अलग सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए। यहां से विशाल रैली निकालते हुए लोग मुख्यमंत्री आवास कूच के लिए बढ़े। जैसे ही प्रदर्शनकारी हाथीबड़कला पहुंचे, पुलिस ने सभी को बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने कहा, में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस मामले में नए आरोप सामने आने के बाद संलिप्त लोगों को कठोरतम सजा दी जानी चाहिए। उधर सामाजिक और विपक्षी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने कहा, सरकार शुरुआत से ही वीआईपी को बचाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में इस मामले की पूरी तरह से सीबीआई जांच होनी चाहिए। सत्ता पक्ष इतना मदहोश है कि उन्हें सामाजिक और जन संगठनों की आवाज सुनाई नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री आवास कूच पहुंचा उसमें सरकार के खिलाफ कई तरह के स्लोगन लिखे। इसके बाद जब हाथीबड़कला पहुंचे तो बैरिकेडिंग पर ही युवक ने घड़ा फोड़ दिया। उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के खिलाफ लोगों का आक्रोश फिर से सड़कों पर दिखने लगा है। जन सैलाब के रूप में लोग सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं इस मामले की शीघ्र सीबीआई से जांच कर वीआई का खुलासा करने की मांग उठाई जा रही है। सामाजिक संगठनों वीआईपी का नाम सामने आने के बावजूद सरकार इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस मामले में नए आरोप सामने आने के बाद संलिप्त लोगों को कठोरतम सजा दी जानी चाहिए। सामाजिक और विपक्षी राजनीतिक दलों के लोगों ने कहा कि सरकार शुरुआत से ही विआईपी को बचाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में इस मामले की पूरी तरह से सीबीआई जांच होनी चाहिए। आज अपनी ही भूमि पर










संख्या में रैली में शामिल हुए लोगों और पुलिस जवानों की झड़पों के बीच पहले से तैनात भारी पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को हाथीबड़कला पर बैरिकेडिंग लगा रोक दिया। इस बीच पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर झड़प भी हुई। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर ही बैठ सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन सप्ताहभर का समय देते हुए कहा, वीआईपी को जांच के दायरे में लाया जाए और सभी वीआईपी के नाम सार्वजनिक करें, जिन पर भी आरोप लगे हैं। वहीं, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने कहा, सरकार को जल्द सीबीआई जांच की संस्तुति करनी चाहिए। राजधानी में रविवार को उत्तराखंड अंकिता हत्याकांड में नए आरोपों के बाद अब इस मामले की नए सिरे से जांच होनी जरूरी है। अंकिता भंडारी की हत्या कोई साधारण अपराध नहीं था बल्कि संरक्षण में पनपे अपराध तंत्र का परिणाम है। उन्होंने कहा, पूर्व विधायक सुरेश राठौर की कथित पत्नी की ओर से कथित वीआईपी का नाम सामने आने के बावजूद सरकार इस दिशा करने निकलने प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हाथीबड़कला बैरिकेडिंग पर रोका तो बड़ी संख्या में लोग सड़क पर बैठ गए। इस बीच कुछ लोगों ने सड़क पर बैठकर गीत शुरू कर दिए। काफी समय तक लोग सड़क पर बैठ कर गीत गाते रहे। प्रदर्शन के दौरान युवाओं में खासा गुस्सा दिखा। एक युवा रैली में अपने कंधे पर घड़ा लेकर से जुड़े लोगों ने कहा कि अंकिता केस में नए आरोपों के बाद अब इस मामले की नए सिरे से जांच होनी जरूरी है। लोगों ने कहा कि, अंकिता भंडारी की हत्या कोई साधारण अपराध नहीं था। बल्कि संरक्षण में पनपे अपराध तंत्र का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सुरेश राठौर की कथित पत्नी की ओर से कथित उन्हें दिवंगत अंकिता को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर आने के लिए मजबूर होना पड़ा है। सत्ता पक्ष इतना मदहोश है कि उन्हें सामाजिक और जन संगठनों की आवाज सुनाई नहीं दे रही है। प्रदर्शन में भाग ले रहे लोगों ने सरकार से नए आरोपों के बाद फिर से इस मामले की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग उठाई है।






क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुध्द आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# शिप्रा नदी में चला व्यापक स्वच्छता अभियान

भवाली (उद संवाददाता)। शिप्रा कल्याण समिति और जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भवाली में स्टेट बैंक के समीप शिप्रा नदी में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रत्येक रविवार की भांति आयोजित इस अभियान में करीब ढाई घंटे तक श्रमदान किया गया, जिसके दौरान नदी से 42 कट्टे कूड़ा-कचरा एकत्र किया गया।स्वच्छता अभियान में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े जागरूक नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। अभियान में चौरसा के ग्राम प्रधान किशोर ढैला, पाइन ओक पैराडाइज कॉलोनी से अनुराग तिवारी, बेतालघाट निवासी ललित गोस्वामी, तिरछा खेत निवासी मुकेश जोशी, उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता रोहित गौड़, नैनीताल निवासी पंकज बिष्ट, शिप्रा कल्याण समिति से जुड़े जगदीश



नेगी, जो जिला गंगा समिति के सदस्य भी हैं, नगर पालिका भवाली के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर तथा पूर्व कृषि अधिकारी लाल सिंह चौहान सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया।समिति के सदस्यों ने बताया कि शिप्रा नदी एक पवित्र उत्तरवाहिनी नदी है, जो बाबा नीब करोरी महाराज के धाम से होकर प्रवाहित होती है, लेकिन वर्तमान में अत्यधिक प्रदूषण के कारण इसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। नदी में लगातार कूड़ा-कचरा डाले जाने से इसका स्वरूप प्रभावित हो रहा है, जिसे बचाने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है।शिप्रा कल्याण समिति और जिला गंगा समिति की ओर से बताया गया कि यह स्वच्छता अभियान प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से जारी रहेगा और आने वाले दिनों में इसमें और अधिक स्थानीय नागरिकों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। समिति ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि शिप्रा नदी में किसी भी प्रकार का कूड़ा न डालें और इसकी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।अभियान के दौरान एकत्र किए गए कूड़ा-कचरे का उचित निस्तारण नगर पालिका भवाली द्वारा किया जाएगा। समिति की ओर से अभियान में सहयोग देने वाले सभी स्वयंसेवकों, नागरिकों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपा महिला मोर्चा ने किया कांग्रेस का पुतला दहन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला नैनीताल की महिला मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नैनीताल रोड स्थित बुद्ध पार्क में कांग्रेस का पुतला दहन किया। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता निधरित समय पर एकत्र हुए और अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस विरोधी नारेबाजी भी की गई।पुतला दहन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कांग्रेस पर संवेदनशील मामलों को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है और अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे गंभीर विषय पर तथ्यहीन, भ्रामक और घृणित राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर निराधार आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।जिला अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने इस जघन्य अपराध में त्वरित, निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई है, जो न्याय, सुशासन और कानून के राज का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को सत्ता में रहते हुए कभी न्याय की परिभाषा याद नहीं रही और अब वह झूठ, अफवाहों और सोशल मीडिया के शोर के सहारे प्रदेश का माहौल खराब करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की राजनीति से दिवंगत अंकिता भंडारी की आत्मा को भी ठेस पहुंच रही है।भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि कांग्रेस के पास इस मामले से जुड़े कोई ठोस साक्ष्य हैं तो उन्हें सार्वजनिक बयानबाजी के बजाय न्यायालय में प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में इस मामले के सभी दोषियों को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है और वे वर्तमान में जेल में हैं। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, नैनीताल विधायक सरिता आर्य, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, जिला महामंत्री रंजन बगड़ली और विनीत अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट और प्रताप सिंह बोरा, प्रतिभा जोशी, काठगोदाम मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, पूर्व हल्द्वानी महापौर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कंचन उप्रेती, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गणेश साह, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र बाली सहित मंडल, जिला और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पंचदेव मंदिर में तीन दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान सत्र सम्पन्न

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सामिया कॉलोनी स्थित पंचदेव मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र केंद्र समन्वयक डॉ. सीमा अरोरा के नेतृत्व में हार्टफुलनेस टीम द्वारा संपन्न कराया गया। सत्र के आयोजन में सामिया कॉलोनी से श्रीमती ममता पांडे एवं दिनेश चंद्र पांडे ने सहयोग और समन्वय की भूमिका निभाई।तीन दिवसीय सत्र में प्रतिभागियों को क्रमशः रिलैक्सेशन एवं ध्यान, सफाई की प्रक्रिया के साथ ध्यान, और प्रार्थना एवं आंतरिक जुड़ाव के माध्यम से ध्यान का अनुभव कराया गया। इस दौरान कुल 35 लोगों ने भाग लिया, जिनमें मुख्यतः पूनम शर्मा, विमला पाटनी, सुनीता जोशी, बबली, पिंकी एवं दीपा मिश्रा शामिल रहे। हार्टफुलनेस वॉलिंटियर्स जीएस पाल, विपिन त्रिपाठी, रीता त्रिपाठी, रश्मि और प्रशस्ति ने सत्र को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के सत्रों का उद्देश्य लोगों में मानसिक शांति और आंतरिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है।



# तमंचा कारतूस सहित संदिग्ध दबोचा

रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)। कोतवाली पुलिस ने प्रीत विहार क्षेत्र से 315 बोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, रामपुर चौकी क्षेत्र में टीम चौकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अपने तमंचे को बेचने के लिए फील्ड में किसी का इंतजार कर रहा है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जब युवक वंश पुत्र राहुल सिंह निवासी रामपुरा, वार्ड न0-21 को देखा, तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे लगभग 10-15 कदमों की दूरी पर पकड़ लिया।युवक वंश के पास से पुलिस ने 315 बोर का नाजायज तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, मोबाइल फोन, कुछ नकद राशि और मोटरसाईकिल की चाबी बरामद की। आरोपी ने मौके पर स्वीकार किया कि तमंचा उसका है और वह इसे बेचने आया था। पुलिस ने युवक को धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया और वाहन को सीज कर दिया। उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गयी।

# ग्रामीण क्षेत्रों को भी स्वामित्व योजना का लाभः शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार ने स्वामित्व योजना के तहत नगरी क्षेत्र में शामिल किए गए ग्रामीण क्षेत्रों को भी योजना में शामिल कर दिया है। इससे पहले ये ग्रामीण क्षेत्र स्वामित्व योजना का लाभ लेने से वंचित थे। इस उपलब्धि के लिए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।राजेश शुक्ला ने जानकारी दी कि उत्तराखंड के चार शहरों में नक्शा प्रोजेक्ट चल रहा है। नगर विकास के दौरान कुछ ग्रामीण क्षेत्र भी नगरी क्षेत्र में शामिल कर लिए गए थे, लेकिन स्वामित्व योजना के अंतर्गत इनका नाम नहीं आ पाया था, जिसके कारण इन क्षेत्रों के लोग योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे थे।उन्होंने बताया कि किच्छा नगर पालिका में शामिल



सिरौली, आजादनगर, देवरिया और बनंडीया क्षेत्र के ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। राज्य सरकार से लगातार इस मांग को उठाए जाने के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नक्शा प्रोजेक्ट का अध्ययन कराया और नगरी क्षेत्र में शामिल ग्रामीण क्षेत्रों को भी योजना में शामिल करने का आदेश जारी कर दिया। शुक्रवार को जारी शासनादेश के बाद अब उक्त ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी स्वामित्व योजना के तहत भूमि स्वामित्व और लाभ प्राप्त कर सकेंगे। राजेश शुक्ला ने कहा कि यह निर्णय लंबे समय से चली आ रही मांग का समाधान है और इससे स्थानीय लोगों में राहत का माहौल है।साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नगला मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 80.6 करोड़ रुपये की राशि मंजूर कर दी गई है। किच्छा से लेकर फोर लाइन तक सड़क का निर्माण जल्द पूरा किया जाएगा, जबकि नगला क्षेत्र के छूटे हुए पांच किलोमीटर का एरिया भी बाद में फोर लाइन में तब्दील कर दिया जाएगा। सड़क के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर दी गई है, जिसमें सरकार द्वारा गठित समिति ने सड़क के मध्य से दोनों तरफ 50-50 फिट भूमि लोक निर्माण विभाग को सुपुर्द कर दी है। इससे नगला क्षेत्र में सड़क और यातायात से जुड़ी समस्याओं को स्थायी रूप से हल किया जा सकेगा।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की यह पहल ग्रामीण विकास और नागरिक सुविधा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है और इससे क्षेत्रवासियों की समस्या का स्थायी समाधान हुआ है।

# एनजीओ संगठनों को एक मंच पर लाने की पहल शुरू

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में संचालित विभिन्न एनजीओ और सामाजिक संगठनों को एक मंच पर लाने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। इस क्रम में रुद्रपुर सारथी दिव्यांग वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय में प्रमुख संगठनों के संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आपसी समन्वय और संयुक्त रणनीति पर चर्चा की गई।सिंह कॉलोनी, गली नंबर चार में आयोजित बैठक में भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने कहा कि शहर में कार्यरत सभी संगठनों को एक मंच पर लाकर साझा रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी संगठन के संचालक, सदस्य या पदाधिकारी का उत्पीड़न होता है तो सभी संगठन एकजुट होकर उसका पुरजोर विरोध करेंगे, जिससे सामाजिक कार्यों में लगे लोगों को मजबूती और सुरक्षा मिल सके।सारथी चौरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष एडवोकेट संध्या सक्सेना ने कहा कि सभी एनजीओ आपस में निरंतर संपर्क में रहेंगे और शीघ्र ही शहर के सभी संगठनों की एक संयुक्त बैठक आयोजित कर एक यूनियन का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे संगठनों के बीच बेहतर तालमेल बनेगा और सामाजिक कार्यों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा।बैठक में गरीब सेवा समिति की अध्यक्ष बलजीत कौर, संध्या सक्सेना, विमला देवी बाबरा, मनीषा देवी, खष्टी देवी, गीता देवी सहित कई सामाजिक संगठनों के संचालक और प्रतिनिधि



उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी ने एकजुट होकर समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने और संगठनों के अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

# भाजपा नेता अरविंद सिंह तोमर ने दिया इस्तीफा

देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर एक बार फिर भाजपा के भीतर से असंतोष की आवाज सामने आई है। विकासनगर क्षेत्र से भाजपा नेता अरविंद सिंह तोमर ने पार्टी की सक्रिय सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह कदम अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच में हो रही देरी से आहत होकर उठाने की बात कही है। सीबीआई जांच में हो रही देरी से आहत होकर अरविंद सिंह तोमर ने इस्तीफा दे दी दिया है। बता दें अरविंद पूर्व में क्षेत्र पंचायत सदस्य रसूलपुर रह चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने बूथ अध्यक्ष, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा, मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, मंडल महामंत्री जनजाति मोर्चा जैसे पदों पर कार्य किया। इसके अलावा लोकसभा चुनाव के दौरान वे जिला सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं और वर्तमान में पार्टी के सक्रिय सदस्य के रूप में कार्यरत थे।इस्तीफे की घोषणा करते हुए अरविंद ने कहा कि रविवार को परेड ग्राउंड में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए जो जन सैलाब उमड़ा, वह उसके समर्थन में हैं। उन्होंने सरकार और पार्टी से मांग की कि अंकिता भंडारी हत्याकांड की ब्ठप् जांच जल्द से जल्द कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के कुछ दो-तीन नेताओं की वजह से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। अरविंद सिंह तोमर ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम से वे मानसिक रूप से आहत हैं और इसी कारण उन्होंने पार्टी की सक्रिय सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के कुछ दो-तीन नेताओं की वजह से भारतीय जनता पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह रावत ने भी धामी सरकार से सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि 'भाजपा कार्यकर्ता के रूप में अपनी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आग्रह पूर्वक निवेदन करता हूं कि उत्तराखंड राज्य हित में हम सब की बेटी बहन अंकिता जो आज हमारे बीच नहीं है उसके हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की संस्तुति करें ऐसा करने से राज्य में आपका मान सम्मान बढ़ेगा'।

# बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ जन सम्मेलन आयोजित, पुनर्वास की मांग

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में रविवार को रामनगर के भवानीगंज स्थित रामलीला ग्राउंड में संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में जन सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे लोगों ने भागीदारी करते हुए गरीबों के आशियानों को उजाड़े जाने के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उत्ताराखंड सरकार ऋषिकेश, बिंदुखत्ता, रामनगर के ग्राम पूछड़ी सहित कई क्षेत्रों में बुलडोजर के नाम पर गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को उजाड़ने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामनगर के ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में वन विभाग और






प्रशासन ने गरीबों के घरों को निशाना बनाया। वक्ताओं का कहना था कि उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश मिलने के बावजूद प्रशासन ने कई लोगों की जमीन पर कब्जा किया और उनके घर तोड़ने की कार्रवाई की, जो न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है।वक्ताओं ने कहा कि सरकार और विभाग अदालत के आदेशों का सम्मान नहीं कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई से पहले प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की ठोस व्यवस्था की जाए और उन्हें मालिकाना हक दिया जाए, ताकि वे सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सकें।जन सम्मेलन में वक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब जनता सरकार को कुर्सी पर बैठा सकती है, तो जनविरोधी निर्णय लेने वाली सरकार को कुर्सी से उतारने में भी देर नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में विभिन्न संघर्षशील ताकतें एकजुट हुई हैं और सभी ने एक स्वर में सरकार की बुलडोजर नीति का विरोध किया है। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने इस कार्रवाई पर शीघ्र रोक नहीं लगाई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। सम्मेलन के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रभावित परिवारों के पक्ष में आवाज बुलंद की गई।

# 'शब्दोत्सव' कार्यक्रम के पंचम सत्र 'धर्मरक्षक धामी' में पहुंचे सीएम धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में आयोजित 'शब्दोत्सव' कार्यक्रम के पंचम सत्र 'धर्मरक्षक धामी' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखण्ड की मूल सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक समरसता और विधि सम्मत शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकारी भूमि पर सुनियोजित रूप से अवैध कब्जा करने वाले समूहों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक 10,000 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि 01 जुलाई, 2026 के बाद केवल वही मदरसे संचालित हो सकेंगे जो राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का पालन करेंगे। शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अब तक 250 से अधिक ऐसे मदरसों को बंद किया जा चुका है, जो नियमों और मानकों का पालन नहीं कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसी भी प्रकार की कट्टरवादी मानसिकता को पनपने नहीं दिया जाएगा और शिक्षा के मंदिर स्थापित किए जाएंगे।विशेष गहन पुनरीक्षण



(एसआईआर) से जुड़े प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विषय केवल मतदाता सूची तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे राज्य की विभिन्न योजनाओं की पारदर्शिता और वित्तीय प्रबंधन भी जुड़ा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आयुष्मान योजना के तहत अनुमानित व्यय से कहीं अधिक खर्च सामने आया, जिससे सत्यापन की आवश्यकता और अधिक स्पष्ट हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में पहले ही राशन कार्ड, आधार कार्ड और वोटर कार्ड के सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है और इसका उद्देश्य किसी विशेष वर्ग को लक्षित करना नहीं, बल्कि प्रणाली को दुरुस्त करना है। 'धर्मरक्षक धामी' विषय पर अपने विचार रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए सभी कार्य पूरी तरह विधिसम्मत हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 600 अवैध ढांचों को हटाया गया है, जिनमें किसी प्रकार के वैध अवशेष नहीं पाए गए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के प्रयासों को सख्ती से रोका गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि के देवत्व और मूल स्वरूप की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता और व्यक्तिगत संकल्प है।आगामी विधानसभा चुनावों के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संगठन और सरकार निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, दंगा विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून तथा मदरसा बोर्ड को समाप्त कर नया अधिनियम लागू किए जाने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में केंद्र और राज्य सरकार की दो लाख से अधिक विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडेक्स में उत्तराखण्ड ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राज्य 'अचीवर्स' श्रेणी में रहा है। भारत सरकार के स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स में उत्तराखण्ड को देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। सिंगल विंडो सिस्टम को भी टॉप अचीवर्स श्रेणी में सम्मानित किया गया है। पर्यटन क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखण्ड को बेस्ट वाइल्ड लाइफ डेस्टिनेशन और बेस्ट एडवेंचर डेस्टिनेशन के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार 2024 में जाखोल, हर्षिल, गुंजी और सूपी गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया गया।मानसखण्ड कॉरिडोर और कालनेमि से जुड़े प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारखण्ड और मानसखण्ड दोनों क्षेत्रों में तीर्थस्थलों का समग्र विकास किया जा रहा है। चारधाम ऑल वेदर रोड, बदरीनाथ मास्टर प्लान, 'भव्य केदार, दिव्य केदार' परियोजना, हेमकुण्ड साहिब एवं केदारनाथ रोपवे जैसी परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों के पुनर्निर्माण, सौंदर्यीकरण और कनेक्टिविटी पर कार्य किया जा रहा है। दिल्ली-देहरादून कनेक्टिविटी पर मुख्यमंत्री ने बताया कि एलीवेटेड रोड परियोजना लगभग पूर्ण हो चुकी है और इसके चालू होने के बाद दिल्ली से देहरादून की दूरी लगभग 2 से 2.5 घंटे में तय की जा सकेगी। देहरादून शहर में यातायात समस्या के समाधान के लिए रिंग रोड और आंतरिक एलीवेटेड रोड परियोजनाओं पर भी कार्य प्रगति पर है, जिसमें केंद्र सरकार का सहयोग प्राप्त हो रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सही नीयत, दृढ़ संकल्प और पारदर्शी शासन के माध्यम से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सकता है और राज्य सरकार इसी लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है।




# महापौर ने दिये नाला निर्माण के लिए सर्वे करने के निर्देश

## बाटा कॉलोनी और केसरी विहार के हजारों लोगों को मिलेगी जलभराव से मुक्ति

रुद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने पुरानी और जटिल समस्याओं के समाधान की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। वार्ड संख्या 16 के अंतर्गत आने वाली बाटा कॉलोनी और केसरी विहार के निवासियों को पिछले कई वर्षों से झेलनी पड़ रही जलभराव की समस्या का जल्द ही समाधान होगा। महापौर ने इस समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए नाला निर्माण के लिए तत्काल सर्वे और स्टीमेट तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं।रविवार को महापौर विकास शर्मा के कैंप कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पार्षद प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में दोनों कॉलोनियों का एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा जिसमें अधिकांश महिलाएं थी। स्थानीय निवासियों ने महापौर को बताया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की बारिश में भी भारी जलभराव हो जाता है, और कालोनीवासियों का जीवन नारकीय हो जाता है। घरों के गंदे पानी की निकासी न होने से बीमारियां फैलने का भी डर बना रहता है।महापौर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके से ही तहसीलदार दिनेश कुटौला को दूरभाष पर स्पष्ट निर्देश दिए कि सोमवार को ही प्रभावित क्षेत्र का सर्वे किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाला निर्माण के लिए जल्द से जल्द स्टीमेट तैयार कर फाइल प्रस्तुत की जाए ताकि बजट स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके।इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। बाटा कॉलोनी और केसरी विहार में जलभराव की समस्या गंभीर है और इसका स्थायी समाधान नाला निर्माण ही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सर्वे और स्टीमेट बनाने के निर्देश दे दिये गये हैं जल्द यहां निर्माण कार्य शुरू होगा ताकि हजारों लोगों को इस नारकीय स्थिति से निजात मिल सके।महापौर के इस त्वरित निर्णय और घोषणा के बाद पार्षद प्रमोद शर्मा सहित कॉलोनी वासियों ने खुशी जताई और महापौर का आभार व्यक्त किया। पार्षद प्रमोद शर्मा ने कहा कि वर्षों पुरानी इस मांग पर महापौर ने जिस तत्परता से संज्ञान लिया है, उससे क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह है।



# डिबडिबा में एआर फिटनेस जिम का किया उद्घाटन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। डिबडिबा क्षेत्र में नवनिर्मित एआर फिटनेस जिम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने जिम संचालक मनोज सक्सेना को शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि आज के समय में फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान देना बेहद जरूरी हो गया है। ऐसे जिम और फिटनेस सेंटर युवाओं को नशे और गलत आदतों से दूर रखते हुए स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करते हैं। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि रूद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों में इस तरह की आधुनिक फिटनेस सुविधाएं उपलब्ध होना स्वागतयोग्य कदम है। उन्होंने कहा कि एआर फिटनेस जिम युवाओं को नियमित व्यायाम के लिए बेहतर मंच प्रदान करेगा और क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगा। कार्यक्रम में भारत भूषण चुघ, अनूप सक्सेना, गुरजीत सिंह पन्नू, आलोक सक्सेना, अंबर सक्सेना, निर्मल सिंह मोनू, आलोक जौहरी, संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुनील चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में जिम के स्वामी मनोज सक्सेना ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।



# एसएसबी के साहस और सेवा भावना की मुख्यमंत्री ने की सराहना

## प्राइड मूवमेंट सम्मान समारोह में अधिकारियों व जवानों को किया गया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में अर्पित फाउंडेशन की ओर से आयोजित प्राइड मूवमेंट सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों और जवानों को उनके साहस, समर्पण और राष्ट्र सेवा के लिए सम्मानित किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल पिछले छह दशकों से आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, आतंकवाद और नक्सलवाद से मुकाबले के साथ-साथ आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अदम्य साहस और निष्ठा के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बल के जवान जहां राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा में दिन-रात तैनात रहते हैं, वहीं खेल गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों और आपदा राहत कार्यों में भी उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत रक्षा सामग्री के निर्यात में अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत के स्वदेशी हथियारों की क्षमता को दुनिया ने देखा और सराहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए लगातार निर्णय ले रही है। शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को दस लाख रुपये से बढ़ाकर पचास लाख रुपये किया गया है, वहीं वीरता पदक प्राप्त जवानों की सम्मान राशि में भी वृद्धि की गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांवों के विकास और सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। सीमांत क्षेत्रों में सड़कों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जा रहा है, जिससे आवागमन सुगम होने के साथ-साथ पर्यटन, व्यापार और सामरिक विकास को भी मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय नागरिकों और सुरक्षा बलों से संवाद करते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाते हैं।समारोह में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, निरंजनी पीठाधीश्वर आचार्य कैलाशानन्द महाराज, सशस्त्र सीमा बल के उप महानिरीक्षक सुधांशु नौटियाल, अर्पित फाउंडेशन से हनी पाठक सहित सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।








# रुद्रपुर को 10 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## सांसद अजय भट्ट ने विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कर कार्य जनता को किए समर्पित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नववर्ष के अवसर पर रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की सौगात मिली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास शर्मा की मौजूदगी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और का इंटरलॉकिंग मार्ग, मुख्य बाजार में 2.82 करोड़ रुपये की लागत से दो किलोमीटर आंतरिक मार्गों का निर्माण कराया गया है। बिगवाड़ा क्षेत्र में 40 लाख रुपये की लागत से वीर सिंह के घर से गुरुद्वारे तक सीसी सड़क का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही विधायक निधि के अंतर्गत बिगवाड़ा क्षेत्र की और किच्छा में प्रस्तावित सैटेलाइट एम्स भी जल्द बनकर तैयार होगा, जिससे कुमाऊं क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़ा लाभ मिलेगा।अजय भट्ट ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में क्षेत्र की हर जरूरत को पूरा किया जा रहा है। सड़क जनसमर्थन मिल रहा है।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपये के विकास कार्य सांसद अजय भट्ट के माध्यम से जनता को समर्पित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं और शेष अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद के प्रथम चरण का कार्य शुरू हो चुका है, जबकि काशीपुर बाईपास रोड का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिससे शहर को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अजय भट्ट के नेतृत्व में विधायक शिव अरोरा के मिल रहा है।कार्यक्रम में भाजपा नेता सुरेश कोली, उपेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, धीरेश गुप्ता, वेद ठुकराल, शालिनी बोरा, राजेश बजाज, गजेंद्र प्रजापति, मोर सिंह यादव, किरण विर्क, रजनी रावत, कपिल शर्मा, जितेंद्र संधू, पिंटू पाल, प्रीत ग्रोवर, अनमोल विर्क, सचिन छाबड़ा, सतनाम सिंह,





शिलान्यास कर उन्हें जनता को समर्पित किया।रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक शिव अरोरा के प्रयासों से राज्य योजना, जिला योजना और विधायक निधि के अंतर्गत कराए गए इन कार्यों में राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर अपोलो टायर्स से दक्ष चौक तक 3.3 किलोमीटर लंबा मार्ग शामिल है, जिसे 2.15 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इसके अलावा ट्रांजिट कैंप से चामुंडा मंदिर तक दो करोड़ रुपये की लागत से व्हाइट टॉपिंग सड़क, हुंडई एजेंसी से ऑक्सफोर्ड स्कूल को जाने वाला 1.5 करोड़ रुपये की लागत विभिन्न कॉलोनियों में सड़क निर्माण, मंदिरों का सौंदर्यीकरण, सामुदायिक भवन और टीन शेड जैसे छोटे-बड़े विकास कार्य भी शामिल हैं।इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र में लगातार बड़े विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिंग रोड के निर्माण से दिल्ली और देहरादून से आने वाले लोग सीधे हल्द्वानी और नैनीताल की ओर जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज की कक्षाएं वर्ष 2026 से प्रारंभ होने जा रही हैं, कामकाजी महिलाओं के छात्रावास का कार्य तेजी से चल रहा है कनेक्टिविटी से लेकर हर घर जल योजना और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने विधायक शिव अरोरा को संघर्षशील जनप्रतिनिधि बताते हुए कहा कि उनके सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज रुद्रपुर को 10 करोड़ रुपये के विकास कार्य समर्पित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहते हैं, जबकि विपक्ष झूठ और भ्रम की राजनीति करता है। यही कारण है कि देश और प्रदेश में भाजपा को लगातार अजय भट्ट की विकासपरक सोच के कारण रुद्रपुर का निरंतर विकास हो रहा है, जिसका लाभ अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। शिव अरोरा ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में विकास कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जाम मुक्त रुद्रपुर के लिए इंदिरा चौक से अटरिया मोड़ तक सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण साथ मिलकर रुद्रपुर को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महापौर का कार्यभार संभालने के बाद से शहर को स्वच्छ और विकसित बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में अटरिया मोड़ नाले को कवर करने, मुख्य बाजार में शेष नाला निर्माण, गंगापुर रोड चौड़ीकरण और किच्छा बाईपास के चौड़ीकरण जैसे कई बड़े कार्य प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि टीम वर्क के साथ विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसका लाभ रुद्रपुर की जनता को गोविंद राय, मनोज छाबड़ा, सुनील यादव, विजय तोमर, नवीन पाण्डेय, गिरीश पाल, रोहित गुप्ता, राजकुमार कोली, चंद्रसेन चंदा, रश्मि रस्तोगी, महेंद्र आर्य, मनीष गोस्वामी, भीमसेन गुप्ता, चंद्रपाल, रचित सिंह, प्रमोद शर्मा, जॉनी भाटिया, गुन्नू चौधरी, स्वाति शर्मा, प्रीति धीर, राधेश शर्मा, दिलीप अधिकारी, मयंक कक्कड़, एमपी मौर्य, कैलाश राठौर, सुभाष यादव, दजजोत बाजवा, अंकित सिंह, देव मेनन, राज कोली सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# यूसीसी शिविर में 57 लोगों ने कराया पंजीकरण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेन्द्र नगर वार्ड 12 में पार्षद प्रीति आर्या के कार्यालय समान नागरिक संहिता यूसीसी विवाह पंजीकरण का नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया। कैंप में 57 लोगो के रजिस्ट्रेशन हुए। स्थानीय लोगों ने कैम्प की जमकर सराहना की।



पार्षद प्रीति आर्या ने बताया जनहित में समय समय पर प्रशासन के सहयोग से ऐसे आयोजन किए जाते है। पार्षद ने बताया पुन: 10 जनवरी को कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर हेमंत साहू,रामजी लाल गुप्ता, विशाल आर्या, रविन्द्र नाथ गोस्वामी, प्रीति पाल, करन त्यागी, नरेंद्र कुमार, संजय कुमार, बबिता कश्यप आदि मौजूद थे।

# अकिता को न्याय दिलाने शैल परिषद ने निकाला कैंडल मार्च

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंकिता भंडारी हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर रविवार की सायं शैल परिषद द्वारा गंगापुर मार्ग पर कैंडल मार्च निकाला गया। जो दक्ष चौराहा से प्रारम्भ होकर अनेक मार्गों से होकर गुजरा। इससे पूर्व शैल सांस्कृतिक समिति शैल परिषद के आहवान पर सैकड़ों की संख्या में लोग दक्ष चौराहा पर एकत्रित हुए। जहां से अंकिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च नंद विहार, आनंद विहार, मैत्री विहार, मां सरस्वती हिल व्यू सिटी, फुलसुंगा, कौशल्या एन्क्लेव, फुलसुंगी, व बाजीपुरम सहित अनेक आवासीय



कालोनियों से होकर गुजरा। सभी लोगों ने श्री गोल्ज्यू महाराज से अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने और दोषियों को सजा दिलाने की गुहार लगाई। साथ ही मामले की सीबीआई जांच कराने की भी मागं की। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ की बेटी अंकिता को असली न्याय तभी मिलेगा जब मामले की सीबीआई जांच होगी और दोषियों को सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांण्ड में जिन वीआईपी के नाम सामने आ रहे हैं। उनकी गंभीरता से जाांच होनी चाहिए। कैडल मार्च में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, शैल समिति अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, उपाध्यक्ष सतीश ध्यानी, कोषाध्यक्ष दयाकिशन दनाई, राजेन्द्र बोहरा, मोहन खेड़ा, संजय जुनेजा, हरीश पनेरू, दिनेश बम, भास्कर जोशी, हंसी मिश्रा, प्रभा मिश्रा, नेहा पाण्डे, हेमा गोस्वामी, रूपाली चौहान, जगदीश बिष्ट, दिनेश भट्ट, दान सिह मेहरा, मुकुल उप्रेती, एलएम उप्रेती, सतीश लोहनी, पूरन चन्द्र जोशी, नीलाम्बर जोशी, धीरज पाण्डे, संजीव बुधौरी, हरीश दनाई, नरेन्द्र रावत, सीबी घिडियाल, त्रिभुवन जोशी, केके मिश्रा, दयाकिशन बुढलाकोटि आदि शामिल थे।

# राधिका ज्वैलर्स में हुई लाखों की चोरी का खुलासा

## लाखों के जेवर व नगदी सहित चार शातिर चोर दबोचे एक नेपाल, एक मुम्बई व दो झारखण्ड के हैं निवासी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र के कुसुमखेड़ा में राधिका ज्वेलर्स में हुए चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामले में चार शातिर चोरों को चोरी किए जेवरात व नगदी सहित गिरफ्तार किया गया हैं। उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर को नवनीत शर्मा पुत्र रमेश चंद हरितवाल निवासी इको टाउन फेस 1 ब्लॉक एफ हल्द्वानी मुखानी ने थाना मुखानी में आकर तहरीर दी गयी कि 19 दिसम्बर समय 20.00 बजे से 21 दिसंबर 10.30 बजे के मध्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा पड़ोसी की दुकान के अंदर से दीवार तोड़कर उसकी दुकान राधिका ज्वेलर्स से 20 से 25 किलो चांदी के आभूषण व 300 से 400 ग्राम सोने के आभूषण तथा 20000 से 25000 रुपए नगद चोरी की गयी है। घटना की रपट दर्ज करने के बाद विवेचना उप निरीक्षक वीरेंद्र चंद के सुपुर्द की गयी। उन्होंने बताया चोरी की घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए एसपी मनोज कत्याल को कुशल कार्ययोजना बनाते हुए टीमों का गठन कर घटना के खुलासे एवं अभियोग के कुशल अनावरण हेतु निर्देश दिये गये। निर्देश के अनुपालन में एसपी द्वारा सीओ अमित कुमार के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया तो कुछ संदिग्ध व्यक्ति वाहन संख्या यूपी 31 एयू-5867 बुलेरो के साथ दिखाई दिए। जिनकी तलाश/गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों, नेपाल बॉर्डर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा व झारखण्ड आदि जगह रवाना हुई व मुखबिर मामूर किए गए। एसएसपी ने बताया पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी सर्विलांस एवं मनुअल इन्टैलिजैन्स द्वारा अथक प्रयात्तों से चोरी की घटना में संलिप्त चार अभियुक्तगणों चोरी के सामान के साथ नेपाल बॉर्डर के पास बनबसा जनपद चम्पावत से गिरफ्तार



किया गया। उक्त मुकदमा में चोरी हेतु प्रयोग किये गये वाहन बोलेरो को अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही हेतु थाना मुखानी में दाखिल किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त बसंत खत्री पुत्र चंद्र खत्री निवासी ग्राम दैइजी थाना दैइजी महेंद्रनगर जिला कंचनपुर नेपाल के पास से सफेद रंग के कागज में लिपटे पीली धातु के तीन कान के झुमके व तीन कानफुल। तनवीर अहमद पुत्र अकबर कुरैशी निवासी गुलबर्गा कुरला ईस्ट थाना चुनाभट्टी मुंबई से एक सफेद भूरे रंग के चौकदार रुमाल में दो पीली धातु के कंगन। इमरान शेख पुत्र मजबूर शेख निवासी अजुल टोला थाना राधानगर जिला साहिबगंज झारखंड के कब्जे से एक सफेद धातु की ब्रिक, मकसूद शेख पुत्र अकबर निवासी अमानत डियारा पोस्ट पियारपुर थाना उधवा राधानगर जिला साहिबगंज झारखंड के पास से एक सफेद कागज में लिप्त तीन पीली धातु के झुमके व एक सफेद धातु का सिक्का बरामद हुआ। पूछताछ पर अभियुक्त मकसूद शेख ने अपने विरुद्ध रांची और सूरत जिले में चोरी के अभियोग पंजीकृत होना बताया है, जिसके सम्बन्ध में संबंधित जनपदों से जानकारी ज्ञात की जा रही है। उपरोक्त सभी अभियुक्तगणों का आपराधिक इतिहास अन्य जनपदों एवं राज्यों से ज्ञात किया जा रहा है। पुलिस ने कुल पीली धातु 54 ग्राम कीमत करीब 6.50 लाख रूपये रूपये, सफेद सफेद धातु-7.245 कि.ग्राम कीमत करीब 15.50 लाख रूपये बरामद किए गए।पुलिस टीम में निरीक्षक हरपाल सिंह (प्रभारी निरीक्षक चोरगलिया), उप निरीक्षक सुशील चंद जोशी (थानाध्यक्ष मुखानी), उप निरीक्षक जगदीप सिंह नेगी (थानाध्यक्ष मुक्तीश्वर), राजेश जोशी (प्रभारी एसओजी), वरिष्ठ उप निरीक्षक रोहताश सागर (कोतवाली हल्द्वानी), गगनदीप सिंह (कोतवाली बनभूलपुरा), उप गौरव जोशी (चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव), उप निरीक्षक वीरेंद्र चंद्र (चौकी प्रभारी आरटीओ रोड), उप निरीक्षक अविनाश मौर्य (चौकीप्रभारी आम्रपाली), मोहन सिंह सौन (प्रभारी चौकी औखलकाण्डा), नरेन्द्र कुमार (चोकी प्रभारी लामाचौड), अपर उपनिरीक्षक मंजीत सिंह (थाना चोरगलिया), त्रिलोक रौतेला (कोतवाली लालकुआ), इसरार नवी (सीसीटीवी), कॉन्स्टेबल धीरज सुगड़ा (मुखानी), कांस्टेबल सुनील आगरी (मुखानी) कांस्टेबल रविंद्र खाती (मुखानी), कांस्टेबल अरुण राठौर एसओजी, कास्टेबल भूपेंद्र ज्येष्ठा एसओजी तारा सिंह राणा (कोतवाली हल्द्वानी), रोहित कुमार (मुखानी), दिनेश नगरकोटी (कोतवाली हल्द्वानी), राजेश बिष्ट एसओजी, अरविन्द बिष्ट एसओजी, सन्तोष सिंह एसओजी, अनिल गिरी (कोतवाली हल्द्वानी), शामिल थे। एसएसपी ने पुलिस टीम को 2500 रुपए ईनाम देने की घोषणा भी की।

# पर्वतीय पत्रकार महासंघ इकाई का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

देहरादून (उद संवाददाता)। पर्वतीय पत्रकार महासंघ जिला देहरादून इकाई का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेश बंसल ने अपने सम्बोधन में कहा कि शपथ का अपना एक विशेष महत्व होता है। जब कोई व्यक्ति शपथ लेता है, तो वह केवल शब्द नहीं बल्कि जिम्मेदारी का संकल्प करता है।उन्होंने पत्रकारिता को लोकतंत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तम्भ बताते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में भी प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता बरकरार है।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अनेक प्रकार की सूचनाएँ सुनने और पढ़ने को मिलती हैं, लेकिन इसके बावजूद लोग आज भी सुबह उठकर अखब्बार पढ़ना नहीं भूलते, क्योंकि प्रिंट मीडिया पर विश्वास कायम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैंट विधानसभा की विधायक सविता कपूर ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में दून प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय राणा एवं संजय कनोजिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. देवेंद्र भसीन तथा पर्वतीय पत्रकार महासंघ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक ने पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि पर्वतीय पत्रकारिता लोकतंत्र की सशक्त और विश्वसनीय आवाज है। उन्होंने पहाड़ों में हो रहे नपलायन, आपदाओं, विकास और पर्यावरण से जुड़े जमीनी मुद्दों को सामने लाने में पत्रकारों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। साथ ही स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय मीडिया में अपेक्षित स्थान न मिलने पर चिंता भी व्यक्त की गई। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि पत्रकारिता कोई अपराध नहीं है और पत्रकारों के अधिकारों व हितों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।कार्यक्रम के अंत में संगठन की एकजुटता, युवा पत्रकारों के मार्गदर्शन और पत्रकार हितों के लिए महासंघ की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. नरेश बंसल ने जिला इकाई के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन महासंघ के प्रदेश महामंत्री अरुण कुमार मोगा एवं जिलाध्यक्ष मदन उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. मदन मोहन पाठक, डॉ. वी. डी. शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए।



हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि



समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम देवी दयाल (DEVI DAYAL) था अब मैंने अपना नाम बदलकर देवी दयाल गर्ग (DEVI DAYAL GARG) रख लिया है। भविष्य में अब हर मौके एवं विवरण में मेरे नये नाम देवी दयाल गर्ग (DEVI DAYAL GARG) से ही सम्बोधित किया जाये।

**देवी दयाल गर्ग पुत्र नरसिंह दास गर्ग**
निवासी–भजनपुर बनबसा, पोस्ट चन्दनी भजनपुर तहसील श्री पूर्णागिरी टनकपुर, जिला चम्पावत, उत्तराखण्ड

# स्वच्छ गदरपुर–स्वस्थ गदरपुर अभियान का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। नगर पालिका गदरपुर क्षेत्र में आर्यन ग्रुप द्वारा सफाई कार्य का विधिवत शुभारंभ नारियल फोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष श्री मनोज गुम्बर 'मिन्टू', अधिशासी अधिकारी श्री कैलाश सिंह पटवाल तथा नगर पालिका के सम्मानित सभासद उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष श्री मनोज गुम्बर मिन्टू ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। अधिशासी अधिकारी श्री कैलाश सिंह पटवाल ने सफाई अभियान को नियमित और प्रभावी रूप से संचालित करने की बात कही तथा आर्यन ग्रुप के प्रयासों की सराहना की। सफाई अभियान के अंतर्गत नगर क्षेत्र में साफ–सफाई, कूड़ा निस्तारण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद सभासदों ने भी अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।




# वाराणसी में पत्रकार शाहनूर अली हुए सम्मानित

गदरपुर। वाराणसी में मीडिया संस्थान के 16वें वार्षिक उत्सव का आयोजन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तराखंड के पत्रकार गदरपुर निवासी शाहनूर अली को उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता कार्य, निष्पक्ष रिपोर्टिंग के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रभाकर द्विवेदी ने शाहनूर अली को सम्मान प्रदान करते हुए उत्तराखंड में उनके द्वारा की जा रही निर्भीक, निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि कर्मठ और जमीनी स्तर पर काम करने वाले पत्रकार ही किसी भी संगठन की वास्तविक ताकत होते हैं, जिनके प्रयासों से संगठन निरंतर आगे बढ़ता है।16वें वार्षिक उत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए पत्रकारों एवं प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की और पत्रकारिता क्षेत्र की उपलब्धियों व अनुभवों को साझा किया।सम्मान प्राप्त करने पर शाहनूर अली ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे आगे भी सच्ची, निष्पक्ष और जनहित से जुड़ी पत्रकारिता के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे।




## पेज एक का शेष...

**अंकिता भंडारी मामले में...**दलों ने रैली निकालते हुए सीएम आवास कूच किया। उधर ,उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर एवं चंपावत में कांग्रेस के सीएम आवास कूच के नॉरेटिव को काउंटर करने के लिए भाजपा के अलग–अलग मोर्चे भी सड़कों पर उतर आए और बीते रविवार को भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा समेत अन्य सभी मोर्चों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया।उधम सिंह नगर के काशीपुर में कांग्रेस का पुतला दहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप लगाए। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आकांक्षा ठाकुर ने पुतला दहन आंदोलन के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी इस पूरे मामले में मृतका अंकिता भंडारी की आत्मा को अपमानित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे 2027 का विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, कांग्रेस इस मामले की आड़ लेकर अंकिता भंडारी की आत्मा को अपमानित कर इसे राजनीतिक मुद्दा बना रही है। बात चंपावत जिले की करें तो चंपावत में भी बीजेपी महिला मोर्चा ने कांग्रेस पर मामले में राजनीति करने का आरोप लगाकर पुतला फूंककर जोरदार प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष समेत अन्य महिलाओं का कहना था कि कांग्रेस अंकिता भंडारी प्रकरण में सिर्फ राजनीति करने का काम कर रही है। जबकि, सरकार साफ कह रही है कि अगर उनके पास सबूत है तो वो पेश करें। जबकि, इस पूरे मामले में अंकिता बेटी को न्याय दिलाने के लिए बीजेपी सरकार ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों को आजीवन कारावास दिलाने का काम किया है।कांग्रेस इस मामले में राजनीतिक रोटियां सेक कर अंकिता भंडारी की आत्मा को ठेस पहुंचाने का काम कर रही है। अंकिता भाजपा की बेटी के समान थी। इसलिए भाजपा इस पूरे मामले में निष्पक्ष तरीके से काम कर रही है। भाजपा की महिला नेताओं ने कहा कि अगर इस मामले में कोई सबूत है तो उन्हें पेश किया जाए, अन्यथा कांग्रेस इस मामले में राजनीति कर केवल अपनी राजनीतिक रोटी ना सेंके। अंकित भंडारी मामले से जुड़ी सबसे खास बात तो यह है कि पुलिस की ओर से भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मामले की वस्तु स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की गई है, लेकिन कांग्रेस पार्टी सीबीआई जांच की मांग को लेकर अड़ी हुई है।

**पार्षद ने युवक को ...** कि यह विवाद किस विषय को लेकर हुआ और किस स्तर तक बढ़ा। वहीं, मृतक के परिजन और स्थानीय लोग न्याय की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही आरोपी पार्षद के साथ हुए एक विवाद में विधायक बंशीधर भगत ने कोतवाली के बाहर धरने पर बैठकर पार्षद के समर्थन में जबरदस्त हंगामा किया था। उस दौरान तत्कालीन एसएसपी भी मौके पर पहुंचे थे। तब इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

**अग्निकांड में सात....**लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही मिनटों में एक लाइन में लगी सभी दुकानें जल गईं। आग लगने की सूचना पर दुकानदार मौके पर पहुंचे और अपने सामने जलती हुई दुकानों को देखकर कई लोग रोने–बिलखने लगे। अधिकांश दुकानदार अस्थाई दुकानें चलाते थे और छोटी–छोटी रोजगार कमाई से परिवार चला रहे थे। घटना के बाद पीड़ित दुकानदारों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हरिद्वार फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते कार्रवाई करते हुए आग फैलने से और नुकसान होने को रोक दिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चला है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। सीएफओ शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया आग लगने की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पाया गया। प्रथम दृष्टया यह शॉर्ट सर्किट से लगी प्रतीत हो रही है, लेकिन पूरी तरह से कारणों की जांच जारी है। प्रशासन ने अब दुकान मालिकों के नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और आगामी कार्रवाई के तहत राहत उपायों पर विचार किया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने ...**होता है वही अधिकारी आपके घर के द्वार पर पहुंच कर कैंप के माध्यम से आपकी समस्याएं सुन रहे हैं। कैंप में सभी अधिकारी मौजूद थे, जिसमें स्वास्थ्य विभाग समाज कल्याण विभाग बिजली विभाग, जल संस्थान विभाग, बाल विकास विभाग, पूर्ति विभाग शामिल थे, इस दौरान आधा दर्जन गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कर उनकी गोद भराई की रस्म पूरी की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुलाटी,ओम नारायण राणा, जगदीश जोशी,इंद्रपाल सिंह मान, सुरेंद्र सिंह करनावल, ग्राम प्रधान जगदीश अटवाल, ग्राम प्रधान पर की बरकीडांडी पिंटू सिंह, मगत सिंह आदि मौजूद थे।

**श्रमिक पर हमला...** भेजा गया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा ने बताया कि रेस्क्यू किया गया बाघ मादा है और इसकी उम्र लगभग 2–2.5 वर्ष है। बाघ पूरी तरह स्वस्थ है और फिलहाल निगरानी में रखा जाएगा। डीएफओ ध्रुव मार्तोलिया ने कहा कि टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन पूरी सावधानी और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से जंगल और बाघ की संभावित गतिविधि वाले क्षेत्रों में सतर्क रहने की अपील की। उत्तराखंड में वन्यजीवों के हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले एक सप्ताह में यह बाघ के हमले की तीसरी घटना है, जिसमें टोटाम के क्यारी गांव और सांवल्दे क्षेत्र में पहले ही दो महिलाओं की मौत हो चुकी है। वन विभाग ने कहा कि जंगल से सटे क्षेत्रों में लोग विशेष सावधानी बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत वन प्रभाग या पुलिस को सूचित करें।

**लाखों की चरस..**बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार युवक के वाहन और बरामद सामान को भी सीज कर लिया गया है।

**दहशत का पर्याय..**से कब्जे में लिया गया और उसे द्वाराहाट रेंज कार्यालय भेजा गया, जहां से आगे अल्मोड़ा स्थित रेस्क्यू सेंटर भेजा जाएगा। वन विभाग ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अन्य तेंदुओं की मौजूदगी की जानकारी मिली है। इसे गंभीरता से लेते हुए त्रैमासिक गश्त बढ़ा दी गई है। द्वाराहाट रेंज में कुल तीन पिंजरे लगाए गए हैं ख्र दो तेंदुओं और एक भालू के लिए। इसके साथ ही जंगली जानवरों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं। वन विभाग की टीमें लगातार गश्त कर ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही हैं।

# राज्य का सड़क नेटवर्क होगा मजबूत: सीएम

## मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के बीच हुआ विस्तृत विचार–विमर्श

देहरादून। उत्तराखंड में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी है। राज्य में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को गति दिलाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जल्द ही केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करेंगे। इस प्रस्तावित बैठक में राज्य की कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को केंद्र सरकार के समक्ष रखा जाएगा। सीएम आवास में शनिवार को मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के बीच इस बैठक की तैयारियों को लेकर विस्तृत विचार–विमर्श हुआ। बैठक में उत्तराखंड के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की। सीएम ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के साथ होने वाली बैठक में ऋषिकेश बाईपास परियोजना, अल्मोड़ा–दन्या–पनार–घाट मार्ग, ज्योलिकोट– खैरना–गैरसैंण– कर्णप्रयाग मार्ग और अल्मोड़ा– बागेश्वर–काण्डा–उडियारी बैंड मार्ग से संबंधित प्रस्ताव प्रमुखता से रखे जाएंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़े राज्य के अन्य लंबित और आवश्यक विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से राज्य का सड़क नेटवर्क मजबूत होगा और यातायात व्यवस्था पहले से कहीं अधिक सुगम बनेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से चारधाम यात्रा, पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी, साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में भी सहायता मिलेगी। प्रस्तावित परियोजनाओं में ऋषिकेश बाईपास योजना विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–07 के अंतर्गत तीनपानी से योगनगरी होते हुए खारास्रोत तक 12.67 किमी लंबाई में चार लेन बाईपास निर्माण का प्रस्ताव है, जिसकी अनुमानित लागत 1161.27 करोड़ रुपए है। इस परियोजना में हाथी कॉरिडोर के लिए एलिवेटेड मार्ग, चंद्रभागा नदी पर सेतु और रेलवे ओवरब्रिज का भी निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा अल्मोड़ा–दन्या–पनार–घाट मार्ग पर 76 किमी लंबाई में दो लेन चौड़ीकरण, ज्योलिकोट से कर्णप्रयाग तक 235 किमी मार्ग का संरेखण और अल्मोड़ा– बागेश्वर– काण्डा मार्ग पर 84 किलोमीटर लंबाई में कार्य प्रस्तावित हैं।




संस्थापक–स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक– परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# फर्जी खाता खोलकर 22 लोगों से 24 लाख की ठगी

## सिसई खेड़ा की ट्रेडिंग कंपनी का फर्जी तरीके से खोला खाता

सितारगंज(उद संवाददाता)। एसबीआई बैंक में दूसरे की ट्रेडिंग कंपनी का फर्जी तरीके से खाता खोलकर साइबर ठगों ने 22 लोगों से ऑनलाइन फ्रॉड कर लगभग 24 लाख रुपए की ठगी की है। पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि सितारगंज एसबीआई बैंक में जोशन ट्रेडिंग कंपनी खेड़ा के नाम से 3 सितंबर को फर्जी खाता खोला गया। 19 दिसंबर को खाते में 6 लाख से अधिक का होल्ड लगा था। खाते की केवाईसी चेक करने पर गुरचरण सिंह सलमता, मलकीत सिंह ग्राम घुसरी के नाम की पुलिस को जांच में जानकारी मिली। जोसन ट्रेडिंग कंपनी के मालिक संतोख सिंह से इस बारे में जानकारी ली तब उन्होंने बताया कि खाता उन्होंने नहीं



खुलवाया है। उसके पास एसबीआई सितारगंज का एटीएम आया था अज्ञात लोगों ने फर्जी खाता खुलवाया है, जिसे उसने बैंक में फ्रीज करने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया है। इसके बाद मलकीत सिंह, सुलखन सिंह, गुरचरण से पुलिस ने पूछताछ की। तब पता उन्होंने बताया कि वे सब नानकमत्ता क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करते हैं। कैथोलिया निवासी सुरजीत सिंह उन्हें मिला था जिसने उसे बैंक में खाता खोलकर पैसे डलवाने का लालच दिया और कमिशन का लालच दिया। उन्होंने 100000 इकट्ठे कर सुरजीत सिंह के परिचित ईश्वर सिंह को दिए इसके बाद खाता खुल गया और उसमें पैसे आने शुरू हो गए। ईश्वर सिंह ने घर बुलाकर उन्हें कमीशन के पैसे दिए। इसके अलावा गिरोह में शामिल पांच लोगों को 400000 भी ईश्वर सिंह ने दिए। पुलिस जांच में सामने आया कि मलकीत सिंह, सुलखान सिंह, गुरचरण सिंह ने तीन साथी सुरजीत सिंह, परमजीत सिंह, ईश्वर सिंह के साथ मिलकर विभिन्न राज्यों के 22 लोगों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का लाखों की ठगी की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।






# प्रकाशोत्सव पर शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज का पावन प्रकाशपर्व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दशमेशनगर, आवास विकास कालोनी में बड़ी श्रृद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर दरबार साहिब अमृतसर से आये रागी जत्थे, भाई हरजोत सिंह जी जख्मी (जालंधर वाले), ज्ञानी वचित्तर सिंह जी (हेड ग्रन्थी गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब) भाई भूपिन्दर सिंह जी फिरोजपुरी, ज्ञानी विक्रमजीत सिंह जी अनमोल इंटरनेशनल ढाडी जत्था, भाई गुरविंदर सिंह रुद्रपुर, भाई हरजिन्दर सिंह जी प्रचारक उत्तराखण्ड सिक्ख मिशन,भाई रेशम सिंह जी कथावाचक गुरुद्वारा गोल मार्केट,भाई परमजीत सिंह जी हजूरी कीर्तनी जत्था, भाई हरविन्दर सिंह जी हजूरी हेड ग्रन्थी, भाई गुरदेव सिंह जी, रुद्रपुर वाले, भाई कुलदीप सिंह







रुद्रपुर, एवं भाई कुलदीप सिंह जी उत्तम नगर ने अपने मधुरवाणी से कथा कीर्तन से श्री गुरुगोबिन्द सिंथ जी की महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल किया। इस दौरान गुरु जी का लंगर निरंतर चलता रहा। प्रबन्धक कमेटी द्वारा आधी साध संगत का आभार प्रकट किया गया। सोम पाल सिंह (प्रधान प्रवन्धक कमेटी, दशमेश नगर आवास विकास) द्वारा आई साध संगत, कीर्तनी जत्थों, ढांढी जत्था तथा कथावाचकों, स्त्री सत्संग सभा गुरुद्वारा दशमेश नगर, समस्त सेवाओं में लगे सेवादारों एवं संगत द्वारा तन-मन धन से की गयी सेवाओं एवं सहयोग के लिए विशेष आभार प्रकट किया गया। प्रकाशोत्स के दौरान उप प्रधान चनन सिंह, बलविन्दर सिंह (सचिव), भजन सिंह, कुलजीत सिंह, प्रीतम सिंह, गुरदीप सिंह नागपाल, राजन सिंह बजाज (उपसचिव), श्रद्धा सिंह (कोषाध्यक्ष), हरजीत सिंह बठला, अवतार सिहं, राजेन्द्र सिंह नारंग, रविन्दरपाल सिंह, अमरजीत सिंह, हरवन्स सिंह लाम्बा, मनजीत सिंह, भूपेन्द्र सिंह लाम्बा, जितेन्द्र सिंह, हरप्रीत सिंह, सलविंदर सिंह, वलविन्दर कामरा, कवलजीत सिंह कामरा, अगम अग्रवाल, बलविंदर सिंह के साथ संगत ने अपनी विशेष सेवाओं द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें करीब दो दर्जन से ज्यादा युवाओं ने रक्तदान किया।






# खिलाड़ी और समाजसेवी युवाओं का किया सम्मान

## जू-जित्सू खिलाड़ी गौरव धामी और एक्सप्लोरर एनजीओ की पहल की सराहना

किच्छा (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बुधवार को अपने आवास पर लालपुर निवासी जू-जित्सू खिलाड़ी गौरव धामी और द एक्सप्लोरर एनजीओ के टीम लीडर आदित्य तिवारी को कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।सम्मान समारोह के दौरान पूर्व विधायक ने गौरव धामी द्वारा 52 किलोग्राम भार वर्ग में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक और राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसके साथ ही



उन्होंने द एक्सप्लोरर एनजीओ के टीम लीडर आदित्य तिवारी द्वारा वर्ष 2024 से धार्मिक स्थलों पर लगातार चलाए जा रहे स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त अभियान की सराहना की। उन्होंने बताया कि आदित्य तिवारी और उनकी टीम द्वारा अब तक तीन बार केदारनाथ धाम, नीम करोली बाबा कैंची धाम, नैनीताल, भीमताल सहित कई धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर सफाई अभियान चलाया गया है, जहां से कई टन प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया। अभियान के माध्यम से यात्रियों को "पहाड़ आइए, मगर कूड़ा न फैलाइए" का संदेश भी दिया गया।पूर्व विधायक ने कहा कि आज के युवा जब खेल और समाजसेवा के माध्यम से सकारात्मक संदेश दे रहे हैं, तो यह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनता है। उन्होंने कहा कि गौरव धामी जैसे खिलाड़ी प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं, वहीं आदित्य तिवारी जैसे युवा पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन-जागरण कर रहे हैं। ऐसे युवाओं को हर स्तर पर प्रोत्साहन मिलना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी भी खेल, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो सके। उन्होंने दोनों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों और सामाजिक कार्यों से जुड़े युवाओं को आगे भी हर संभव सहयोग दिया जाता रहेगा।इस अवसर पर शशिकांत मिश्रा, दीप नारायण यादव, शेर सिंह, शेर बहादुर सिंह, गौरीशंकर, मंगत चुग, इश्तियाक खान, नीरज खुग्गर, डीके सिंह, महेंद्र कामरा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्याम संकीर्तन महोत्सव में देर रात तक गूंजे भजन, भक्तिमय हुआ वातावरण

## ट्रांजिट कैम्प शिव नगर में हुआ भव्य आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री श्याम कृपा कमेटी की ओर से ट्रांजिट कैम्प रोड स्थित शिव नगर के शिव मंदिर में श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। संकीर्तन में पूरी रात श्याम बाबा के भजनों की गूंज रही और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते नजर आए। संकीर्तन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति और सेवा के माध्यम से मानव जीवन को सही दिशा मिलती है और ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी भी संस्कारों से जुड़ती है। संकीर्तन में भजन गायिका सरिता सांवरिया, आलोक श्रीवास्तव और शुभम सक्सेना ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्याम बाबा का गुणगान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। देर रात तक चले संकीर्तन में श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे और बाबा श्याम के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। संकीर्तन से पूर्व



विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों की ओर से मुख्य अतिथि राजकुमार ठुकराल सहित अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश कोली, विक्की राजपूत, महिपाल रस्तौगी, अमित राठौर, गिरीश राठौर, संजय ठुकराल, संजीव गुप्ता, धर्मवीर कश्यप, राकेश, विशाल कुमार, सचिन गुप्ता, हरिओम राजपूत, विनेश गुप्ता, मोहित रस्तौगी, रिंकू शर्मा, प्रिंका कोली, ज्योति कश्यप, सपा सागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।